दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय

बाढ़ के पानी में बनते-बहते पुल

बारिश ने पूरे देश में तबाही मचा रखी है। मुझे ख्यातिलब्ध गीतकार नीरज जी की 'अबके सावन में ये शरारत मेरे साथ हुईज' शे'र याद आ रहा है। टीवी पर मिनट-मिनट की खबरें ब्रेक हो रही हैं। दिल्ली के अन्ना नगर में नाले में बरसाती पानी के सैलाब से किनारे बसे कई मकान बह गए। मिंटो ब्रिज के नीचे डीटीसी की एक बस पानी में डूब गई। बस की तो औकात ही क्या? एक ऑटो और एक कार भी मिंटो ब्रिज के नीचे भरे पानी में लापता हो गई। ऑटो वाले को तो नहीं बचाया जा सका, अलबत्ता बस के ड्राइवर और कंडक्टर ने बस की छत पर चढ़कर जान बचाई। करीब दो घंटे बाद पहुंचे फायर ब्रिगेड के राहत दल ने घंटों की मशक्कत के बाद तीनों को बचाया। ऑटो वाला शायद इतना खुशकिस्मत नहीं था। अखबारों की हेडलाइन 'राजधानी की खूनी बरसात' बनना उसके ही मुकद्दर में लिखा था। शाम को हवाखोरी के लिए फेसबुक का रुख किया था कि भाई गोविंद गुलशन से मुठभेड़ हो गई। भाई जी–

'दिल में ये एक डर है बराबर बना हुआ
मिट्टी में मिल न जाए कहीं घर बना हुआ

फरमाते मिले। बेचारे दिल्ली में बह गए गरीबों के मकानों की वजह से दुखी थे। पड़ताल में दिल्ली सहित देशभर में बाढ़ से मची तबाही का पता चला। असम, बिहार, अरुणाचल, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मेघालय सहित कई प्रदेशों की स्थिति बड़ी विकट है। कई जगह सड़क और पुल बह गए हैं। आदमी का आदमी से संपर्क कट गया है। हम भी कुदरत की मेहरबानी से नीरज जी के शे'र 'ज्मेरे घर को छोड़ कर शहर में बरसात हुई' की तरह वंचित हैं। बिहार के गोपालगंज में गंडक नदी के पुल के पानी में बह जाने की तस्वीरें टीवी पर चल रही हैं। पुल के दोनों छोर पर लोगों का हुजूम लगा है। क्षतिग्रस्त हिस्से से गुजरता पानी अपनी ताकत दिखा रहा है। ताकत दिखाने के मामले में फोटोग्राफर और रिपोर्टर भी पीछे नहीं हैं। उन्हें भी चार महीने बाद कुछ अलग-सा काम करने को मिला है। 'कोरोना', 'पाक-नापाक' और 'ड्रैगन' राग अलापने वाले तमाम चैनल राग 'मल्हार' गाने लगे हैं। स्टूडियो में एंकर की छटपटाहट ने हमें कश्मीर घाटी के पुल नंबर 27 की याद दिला दी। एक मित्र इरिगेशन डिपार्टमेंट में जूनियर इंजीनियर से तरक्की पा कर असिस्टेंट इंजीनियर हो गए थे। उनकी जगह आए जूनियर इंजीनियर को चार्ज देते समय मित्र ने ताकीद किया कि काला-सफेद कुछ भी करना, पुल नंबर 27 की ओर भूलकर भी आंख उठा कर मत देखना। और उसकी मेंटिनेंस की फाइल तो हरगिज़ ही न बनाना। लेकिन एक दिन मित्र का माथा ठनका। मूवमेंट रजिस्टर में किसी फाइल की तलाश में उनकी नज़र अचानक पुल नंबर 27 की फाइल के मूवमेंट पर जा पड़ी। फाइल भुगतान के लिए उनके कार्यालय को ही प्रेषित की गई है। मित्र ने जूनियर इंजीनियर महाशय को भी तलब कर लिया। जूनियर इंजीनियर से सबसे पहला सवाल यही पूछा कि चार्ज देते समय क्या नसीहत दी गई थी? लेकिन वह साहब मंजे हुए खिलाड़ी थे। मित्र को ही नसीहत की पूरी किताब सुना डाली। मित्र के याद दिलाने पर भी महाशय यह मानने को तैयार नहीं थे कि किसी पुल की बाबत कोई नसीहत दी भी गई थी। उसने बताया कि पिछले एक साल में पुल के रख-रखाव पर करीब छह लाख रुपए का खर्चा आ चुका है। ठेकेदार को इस राशि का भुगतान किया जाना है] जिसकी संस्तुति जूनियर इंजीनियर साहब ने कर दी है। जूनियर इंजीनियर हर सवाल का ज़वाब ताल ठोक कर देते रहे। मित्र को आखिर कहना पड़ा कि यह झूठ तुम्हें ले डूबेगा। बेशर्मों की तरह महाशय बोले 'अजी चुल्लू भर पानी मेरा कुछ ना बिगाड़ पाया। छोटी-मोटी बरसात मेरा क्या बिगाड़ेगी?' जूनियर इंजीनियर किसी भी सूरत फाइल पास करवाना चाहता था। मित्र के सामने उसने बतौर नजराना आधी रकम की पेशकश भी कर दी। उन्हें जूनियर इंजीनियर को कहना पड़ा कि पिछले दस सालों से रख-रखाव का सबसे अधिक खर्च इसी पुल पर होता आ रहा है तो इस बार पेमेंट स्वीकृत करने में हुज्जत क्यों है?

चीन को बड़ा झटका देने की तैयारी में भारतीय रेलवे

खरीद प्रक्रिया में होगा बदलाव

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रेलवे ने अपनी खरीद प्रकियाओं में बड़ा बदलाव कर चीन को बड़ा झटका की तैयारी कर ली है। घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इससे जुड़े नियमों में एक प्रावधान जोड़ा जाएगा जिससे घरेलू वेंडर्स और सप्लायर्स रेलवे की खरीद प्रक्रिया में अधिक से अधिक बोली लगा सकेंगे। इस मामले में रेलवे ने एक बयान जारी कर कहा कि इससे सरकार के आत्मनिर्भर भारत मिशन को प्रोत्साहन मिलेगा। बयान में कहा गया है कि अगर जरूरत पड़ी तो उचित नीतिगत बदलावों के लिए डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड से भी मदद मांगी गई है।

भारतीय रेलवे ने बताया कि खरीद प्रक्रिया में घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए शनिवार एक समीक्षा बैठक हुई। जिसमें इस बात पर अधिक जोर दिया गया कि खरीद प्रक्रिया में लोकल वेंडर्स की भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए। बैठक में रेल मंत्री पीयूष गोयल ने रेलवे और भारत सरकार की खरीद प्रक्रिया में घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देने के उपायों की समीक्षा की।

इस बैठक में रेल मंत्री पीयूष गोयल ने रेलवे की खरीद प्रक्रिया को भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी बनाकर इंडस्ट्री में विश्वास पैदा करने के उपायों पर जोर दिया। रेलवे ने बयान में कहा कि खरीद में लोकल कंटेंट क्लॉज इस तरह का होना चाहिए कि इससे लोकल वेंडर्स और सप्लायर्स की तरफ से ज्यादा बोलियां आए। इससे आत्मनिर्भर भारत मिशन को बढ़ावा मिलेगा।

पेट्रोल 82 रुपये के करीब मुंबई में 80 के पार

नईदिल्ली (आरएनएस)। डीजल की कीमत रविवार को लगातार दूसरे दिन बढ़ते हुए दिल्ली में 82 रुपये प्रति लीटर के करीब पहुँच गयी जबकि मुंबई में यह 80 रुपये प्रति लीटर के पार पहुँच गयी। पेट्रोल के दाम लगातार 27वें दिन स्थिर रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज डीजल की कीमत 15 पैसे बढ़कर 81.94 रुपये प्रति लीटर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गई। मुंबई में यह 14 पैसे महँगा होकर 80.11 रुपये प्रति लीटर बिका। कोलकाता और चेन्नई में डीजल का मूल्य 13-13 पैसे की वृद्धि के साथ क्रमशः 77.04 रुपये और 78.86 रुपये प्रति लीटर पर रहा जो अक्टूबर 2018 के बाद का उच्चतम स्तर है।

विदेशी मुद्रा भंडार नये रिकॉर्ड स्तर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 1.27 अरब डॉलर बढ़कर 517.63 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। विदेशी मुद्रा का देश का भंडार लगातार चौथे सप्ताह बढ़ा है। इससे पहले 10 जुलाई को समाप्त सप्ताह में यह 3.11 अरब डॉलर बढ़कर 516.36 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार 17 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 1.24 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और सप्ताहांत पर यह 476.88 अरब डॉलर पर रहा।

अप्रैल में मोबाइल फोन ग्राहकों की संख्या 0.71 प्रतिशत घटी

नयी दिल्ली (आरएनएस)। देश में कुल फोन ग्राहकों की संख्या एक माह की अवधि में 0.72 प्रतिशत घट गई है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2020 के अंत तक कुल फोन ग्राहकों की संख्या घटकर 116.94 करोड़ रह गई, जबकि मार्च अंत तक यह आंकड़ा 117.79 करोड़ पर था। शहरी क्षेत्रों में फोन कनेक्शनों की संख्या 1.41 प्रतिशत घटकर 64.71 करोड़ पर आ गई। वहीं ग्रामीण इलाकों में फोन ग्राहकों की संख्या एक माह की अवधि में 0.14 प्रतिशत बढ़कर 52.15 करोड़ से 52.22 करोड़ पर पहुंच गई। मार्च 2020 के मुकाबले अप्रैल 2020 में यदि मोबाइल फोन की बात की जाये तो इस एक माह की अवधि में देश में मोबाइल फोन कनेक्शनों की संख्या 0.71 प्रतिशत घटकर 114.95 करोड़ रह गई। वहीं

मार्च अंत में मोबाइल ग्राहकों की संख्या 115.77 करोड़ पर थी। शहरी इलाकों में मोबाइल ग्राहकों की संख्या 1.42 प्रतिशत घटकर 63.84 करोड़ से घटकर 62.94 करोड़ रह गई। वहीं ग्रामीण इलाकों में मोबाइल कनेक्शनों की संख्या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 51.92 करोड़ से 52 करोड़ से कुछ अधिक रही।

सेंसेक्स की टॉप-10 में से 7 कंपनियों का मार्केट कैप 2.03 लाख करोड़ बढ़ा

नईदिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक यानी 2,03,063.21 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में इजाफा हुआ। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।

राजकुमार हिरानी की फिल्म से पहले सिद्धार्थ आनंद की फिल्म में काम करेंगे शाहरुख?

बॉलिवुड के बादशाह शाहरुख खान की पिछली फिल्म जीरो दिसंबर 2018 में रिलीज हुई थी। तब से शाहरुख की कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई है और उनके फैन्स अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि पिछले काफी समय से यह केवल अंदाजा ही लगाया जा रहा है कि शाहरुख की अगली फिल्म कौन सी होगी। अभी तक इसका कोई ऑफिशल अनाउंसमेंट भी नहीं हुआ है।

अब हालिया खबरों की मानें तो शाहरुख खान की अगली फिल्म को राजकुमार हिरानी डायरेक्ट करेंगे और इसकी शूटिंग कनाडा से शुरू होगी। लेकिन एक अन्य रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख पहले सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बन रही एक दूसरी फिल्म की शूटिंग पहले करेंगे। बताया जा रहा है कि कोरोना वायरस के कारण विदेशों में शूटिंग करना अभी तक निश्चित नहीं है तो शूटिंग की डेट्स को आगे बढ़ा दिया गया है। शाहरुख ने सोचा है कि इसी बीच में सिद्धार्थ आनंद की फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली जाए।

सलमान खान के फार्महाउस में धान बोते नजर आईं यूलिया वंतूर

सलमान खान काफी समय से अपने करीबी दोस्तों और परिवार के कुछ लोगों के साथ अपने पनवेल फार्महाउस पर हैं। उनके साथ उनकी कथित गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर भी हैं और वह अक्सर सोशल मीडिया पर फार्महाउस की तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने पहली बार धान बोने का अनुभव शेयर करते हुए अपनी एक तस्वीर शेयर की है। यूलिया वंतूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी चावल बोते हुए एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ उन्होंने लिखा, मैंने बचपन में अपनी गर्मी की छुट्टियां कंट्री साइड गुजारी हैं। जहां मैं अपने ग्रैंडपैरंट्स के साथ बीज बोने, खेतों पर काम करने और जानवरों की देखभाल करती थी। इससे पहले मैंने कभी धान नहीं बोए थे, यह मेरे लिए नया अनुभव है। इससे पहले सलमान खान ने भी अपनी तस्वीरें शेयर की थी। इसमें से एक तस्वीर में वह मिट्टी से लिपटे हुए नजर आ रहे हैं। इसके साथ लिखा, सभी किसानों का सम्मान करना चाहिए। वहीं, दूसरी तस्वीर में वह हाथ में धान लिए दिख रहे हैं। इसके साथ लिखा, दाने दाने पर लिखा होता है, खाने वाले का नाम। जय जवान, जय किसान। बता दें कि लॉकडाउन के दौरान सलमान खान ने पनवेल फार्महाउस के आसपास रहने वाले 1000 परिवारों को अनाज और सब्जियां बटवाई थीं।

गंगूबाई काठियावाड़ी में आलिया के ऑपोजिट होंगे शान्तनु माहेश्वरी!

संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म गंगूबाई काठियाबाड़ी अनाउंसमेंट के बाद से ही चर्चा में है। फिल्म में आलिया भट्ट लीड रोल में हैं। आलिया के ऑपोजिट कौन होगा, इसको लेकर कई लोगों का नाम सामने आ चुके हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट की मानें तो टीवी ऐक्टर शान्तनु माहेश्वरी को आलिया के ऑपोजिट कास्ट किया जा सकता है।

पहले कार्तिक आर्यन और इमरान हाशमी को भी यह रोल ऑफर होने की खबरें थीं। अब खबर है कि आलिया के पति के रोल के लिए शान्तनु को अप्रोच किया गया है। बताया जा रहा है कि अजय देवगन भी खास रोल में होंगे। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद इंड्रस्ट्री में इनसाइडर और आउटसाइडर पर बहस तेज हो चुकी है। सुशांत भी टीवी से फिल्मों में आए थे। ऐसे में आलिया के ऑपोजिट टीवी ऐक्टर को देखना इंट्रेस्टिंग होगा। खबरों के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग मार्च में शुरू भी हो चुकी थी लेकिन लॉकडाउन की वजह से रोकनी पड़ी। शान्तनु माहेश्वरी को चैनल वी के दिल दोस्ती डांस से फेम मिला था। इसके अलावा वह ये है आशिकी, एक हजारों में मेरी बहना है, प्यार तूने क्या किया, नच बलिए 5, झलक दिखला जा 9 और बिग बॉस 10 में स्पेशल अपीयरेंस में आ चुके हैं।

आज का राशिफल

मेष: आपको दूसरों की मदद करने से सकून मिलता है इसलिए आज का दिन परोपकार में ही बीतेगा।

वृषभ: आज का दिन परिवारीजनों के साथ सुखद रहेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा।

मिथुन: पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी।

कर्क: राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का षष्ठस्थ होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति कराकर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा।

सिंह: राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे।

कन्या: राशि का स्वामी बुध आज दशम राज्य में संचार कर रहे हैं। फलस्वरूप वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा।

तुला: आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि का योग है। आय के नये स्रोत बनेंगे। आपकी भाषा शैली आपको विशेष सम्मान दिलाएगी।

वृश्चिक: आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा।

धनु: आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी।

मकर: आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी।

कुंभ: राशि स्वामी शनि की द्वादश स्थिति के कारण पत्नी को अचानक शारीरिक कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है।

मीन: वैवाहिक जीवन आनंददायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सायंकाल के समय घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलैक्स होगा।

अगस्त में 12 दिन बंद रहेंगे बैंक

नईदिल्ली (आरएनएस)। अगस्त के महीने 12 दिन के लिए बैंक बंद रहने वाले हैं। बता दें कि अगले महीने बकरीद, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस, गणेश चतुर्दशी, मुहर्रम और हरितालिका तीज समेत कई राष्ट्रीय और स्थानीय पर्व पड़ रहे हैं। इस कारण अगस्त में बैंक कई दिन बंद रहेंगे। वहीं पांच रविवार भी पड़ रहे हैं। इसके अलावा 8 और 29 अगस्त को क्रमशः दूसरे और चौथे शनिवार के कारण भी बैंक बंद रहेंगे। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की बैंक हॉलीडे लिस्ट के मुताबिक एक अगस्त को चंडीगढ़, पणजी और गंगटोक को छोड़ लगभग सभी शहरों में बैंक बंद रहेंगे। बता दें ईद उल-अज़हा बकरीद का त्योहार 1 अगस्त को मनाया जाएगा। मरकजी चांद कमेटी के मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली व शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने बताया कि मंगलवार को ईदुल अजहा का चांद नजर नहीं आया है। लिहाजा बकरीद का त्योहार एक अगस्त, शनिवार को मनाया जाएगा।

तारीख	दिन	अवकाश	विवरण
01 अगस्त	शनिवार	बकरीद	गजटेड छुट्टी
03 अगस्त	सोमवार	रक्षाबंधन	स्थानीय छुट्टी
11 अगस्त	मंगलवार	श्री कृष्ण जन्माष्टमी	स्थानीय छुट्टी
12 अगस्त	बुधवार	श्री कृष्ण जन्माष्टमी	गजटेड छुट्टी
15 अगस्त	शनिवार	स्वतंत्रता दिवस	गजटेड छुट्टी
21 अगस्त	शुक्रवार	तीज (हरितालिका)	स्थानीय छुट्टी
22 अगस्त	शनिवार	गणेश चतुर्थी	स्थानीय छुट्टी
30 अगस्त	रविवार	मुहर्रम	गजटेड छुट्टी
31 अगस्त	सोमवार	ओणम	स्थानीय छुट्टी

शब्द सामर्थ्य- 96

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति का एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. [illegible], नजदीकी 17. [illegible], नभ 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदिनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. [illegible], चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. [illegible] 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 95 का हल

सू-दोकू- 96

9		8		1		7		
4		6			7		5	
	3			6		8		9
		3			1		6	
5			6			9		
		9		5			3	
3			7		9			1
	5			2		3	9	
1		4			8		7	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 95 का हल

7	5	6	4	1	2	8	3	9
3	4	8	6	7	9	2	1	5
1	2	9	5	3	8	7	4	6
2	8	1	9	5	6	4	7	3
6	9	7	2	4	3	5	8	1
5	3	4	7	8	1	9	6	2
8	7	2	1	6	5	3	9	4
4	6	5	3	9	7	1	2	8
9	1	3	8	2	4	6	5	7